# दावोसः यूपी ने निवेश के लिए साइन किए 9750 करोड़ के एमओयू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

प्रदेश में नया निवेश लाने में जुटी सरकार का मिशन स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में भी जारी है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच के पहले दिन यूपी में अलग-अलग क्षेत्र में निवेश के लिए 9750 करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू साइन किए। ये एमओयू क्लीन एनर्जी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और रक्षा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में किए गए हैं।

**सेल इंडस्ट्रीज, सिफी टेक्नॉलजीज के साथ साइन हुआ एमओयू**

**इन कंपनियों के साथ हुए एमओयू** सेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ 8,000 करोड़ के वेस्ट-टु-एनर्जी प्रॉजेक्ट, सिफी टेक्नॉलजीज के साथ 1,600 करोड़ के AI-रेडी डेटा सेंटर और नोएडा में AI सिटी विकसित करने का समझौता किया गया है। वहीं, योमन के साथ 150 करोड़ के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और वेपन सिस्टम इंटीग्रेशन के साथ एमओयू साइन किया। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अगुआई में गए प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूईएफ के पहले दिन लुई ड्रेफस कंपनी के साथ बैठक की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने उबर टेक्नॉलजीज, ऑटोमेशन एनीवेयर, कॉल्ड्रन, पेप्सीको, एचसीएल सॉफ्टवेयर, वेल्थ डोर, अनुपम रसायन इंडिया लिमिटेड, गूगल क्लाउड, ग्रीनको और डेलॉयट साउथ एशिया समेत कई बड़ी कंपनियों के साथ बैठक की। प्रतिनिधिमंडल ने कार्बन कंपास के संस्थापक और CEO नीरज अग्रवाल से भी संवाद किया।




यूपी में निवेश के लिए क्लीन एनर्जी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, AI और रक्षा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में किए गए एमओयू।

## कई सेक्टरों में निवेश पर हुई चर्चा

चर्चा के दौरान उबर के साथ निवेश विस्तार, मोबिलिटी पार्टनरशिप और नोएडा में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इन बैठकों और साझेदारियों के माध्यम से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, नवीकरणीय ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमेशन और वैश्विक व्यापार जैसे सेक्टर्स में निवेश पर चर्चा हुई।